देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 116 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**केंद्र और राज्य में टकराव दुर्भाग्यपूर्ण




# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 5 अगस्त 2021




PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 23.0°

40241.39

2 अफगानिस्तान को तबाह करने की धमकी

7 पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज

# केदारपुरी को संवारने का संकल्प जल्द होगा पूरा

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ड्रोन के माध्यम से श्री केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

### सीएम ने पीएम के विजन के अनुरूप कार्य पूरा करने के लिए दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ड्रोन के माध्यम से श्री केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि श्री केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण प्रोजेक्ट, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का ड्रीम प्रोजक्ट है। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि श्री केदारनाथ धाम में पुनर्निमाण कार्यों में और तेजी लाने के लिए मानव संसाधन के साथ पर्याप्त उपकरणों की व्यवस्था भी हो।

**द्वितीय चरण के कामों में तेजी लाने के मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि श्री केदारनाथ में चल रहे द्वितीय चरण के जो कार्य स्वीकृत हो चुके हैं, उनमें भी तेजी लाई जाय। सरस्वती नदी पर घाट एवं आस्था पथ के निर्माण के कार्य जल्द पूर्ण किये जाय।

**प्रथम चरण के कार्य लगभग पूर्णः** प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी गई की श्री केदारनाथ के पुनर्निर्माण कार्यों के तहत प्रथम चरण के कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। शंकराचार्य सामधि एवं ब्रिज का कार्य भी जल्द पूर्ण हो जायेगा।

द्वितीय चरण के कार्यों में 116 करोड़ रूपये के कार्यों की स्वीकृत हो चुकी है। 08 कार्यों पर कार्य शुरू हो गया है। द्वितीय चरण में संगम घाट का नव निर्माण, आस्था पथ में रेन शेटलर, वाटर एटीएम, कमांड एण्ड कंट्रोल रूम, हॉस्पिटल बिल्डिंग एवं अन्य कार्य किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर सचिव पर्यटन युगल किशोर पंत एवं वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग मनुज गोयल उपस्थित थे।

■मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिये

**पीएम के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण**
मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री केदारनाथ श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में मास्टर प्लान के अनुरूप श्री केदारनाथ को भव्य बनाया जा रहा है।



प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप भव्य केदारपुरी के निर्माण के लिए सीएम कृतसंकल्प हैं। वे लगातार प्रोजेक्ट की मानिटरिंग कर रहे हैं। खराब मौसम के कारण केदारनाथ न जाने पर उन्होंने ड्रोन के माध्यम से केदारनाथ पुनर्निर्माण प्रोजेक्ट का निरीक्षण और समीक्षा की। सीएम ने प्रथम चरण में अवशेष आदिगुरू शंकराचार्य की समाधि स्थल एवं मंदाकिनी नदी पर बन रहे ब्रिज के निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। आने वाले दो–तीन माह में श्री केदारनाथ में कार्य करने के लिए अच्छा समय है, इस दौरान तेजी से कार्य किये जायेंगे।

### प्रधानमंत्री स्वयं ड्रोन के माध्यम से कर चुके हैं विकास कार्यों की समीक्षा

प्रधानमंत्री केदारनाथ आपदा के समय से केदार पुरी के पुनर्निर्माण के लिए चिंतित हैं। प्रधानमंत्री जी स्वयं केदारनाथ यात्रा के अनेक बार साथ–साथ ड्रोन के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा कर चुके हैं। 2013 में केदारनाथ आपदा के समय मुख्यमंत्री गुजरात रहते हुए उत्तराखंड सरकार प्रस्ताव दिया था कि केदारनाथ के पुनर्निर्माण में सहयोग करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री बाबा केदार से आध्यात्मिक रूप से जुड़े हैं। स्वयं ध्यान गुफा में बैठकर प्रधानमंत्री जी ने बाबा केदार के प्रति अपनी आस्था सार्वजनिक रूप से प्रकट की।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों के नाम पर ड्रामा न करें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि कानूनों के मुद्दे पर बुधवार को शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर बादल और कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू के बीच संसद परिसर में तीखी नोकझोंक हुई। पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल संसद परिसर में कृषि कानूनों का विरोध करते हुए तख्ती लेकर खड़ी थीं। उसी दौरान वहां से गुजर रहे बिट्टू उनके पास पहुंच गए। दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगाए।

### निचली और अधीनस्थ अदालतों में 4 करोड़ मामले पेंडिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को कहा कि मौजूदा समय में देश की निचली और अधीनस्थ अदालतों में करीब 4 करोड़ मामले लंबित हैं। विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में बीजू जनता दल के सदस्य अनुभव मोहंती के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

# सरकारी स्कूलों में भी होंगे प्ले स्कूल

## पीएम मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय किए गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय किए गए। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2026 तक स्कूली शिक्षा के लिए समग्र शिक्षा योजना को जारी रखने की मंजूरी दी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इसका अनुदान भी बढ़ाया जा रहा है। पिछड़े इलाकों में इसे 12वीं तक किया जाएगा। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण जो बच्चियों के लिए सेल्फ डिफेंस की एक पहल है। इसके लिए 3 महीने के प्रशिक्षण में 3000 रुपये खर्च किया जाता था इसे 5000 रुपये तक बढ़ाया जाएगा। पहली बार सरकार ने समग्र शिक्षा योजना के भीतर बाल सुरक्षा को जोड़ा है। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए आयोग बनाने के लिए राज्यों को सहायता दी जाएगी।

### कक्षा 9-12 में कौशल पर रखा जाएगा ध्यान

कक्षा 6 से 8 तक व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। कक्षा 9–12 में कौशल पर ध्यान रखा जाएगा। स्कूलों में अधिक आधुनिक कौशल के साथ–साथ कोडिंग, संवर्धित और आभासी वास्तविकता आदि को औपचारिक रूप देने के लिए वार्ता आयोजित की जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं समग्र शिक्षा 2.0 के अन्तर्गत प्ले स्कूल एवं आंगनबाड़ी का औपचारीकरण किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में प्ले स्कूल भी होंगे। शिक्षकों को उसी के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**समग्र शिक्षा योजना को 2026 तक बढ़ाया गयाः** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि स्कूली शिक्षा समाज के सभी वर्गों तक समान रूप में पहुंच सके और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो, इस उद्देश्य से 2018 में समग्र शिक्षा योजना लागू की गई थी। अब इसे 1 अप्रैल 2021 से बढ़ाकर मार्च 2026 तक किया जाएगा। इसमें कुल 2,94,283 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रावधान होगा। इसमे केंद्र की हिस्सेदारी 1,85,398 करोड़ रुपये होगी।

**फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट को जारी रखने की मंजूरीः** दुष्कर्म के मामलों में महिलाओं, नाबालिग लड़कियों को जल्द न्याय मिल सके इसके लिए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट को लेकर इस योजना को जारी रखने की मंजूरी दी गई है।

# कई राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ से हाल बेहाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। देश के कई राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। यूपी, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्य बाढ़ और बारिश की मार झेल रहे हैं। भारी बारिश की वजह से नदियों का पानी सड़कों पर आ गया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में आर्मी और वायुसेना ने मोर्चा संभाला हुआ है। पश्चिम बंगाल इस समय बाढ़ से जूझ रहा है। बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्य की सीएम ममता बनर्जी से बात कर राज्य में आई बाढ़ की जानकारी ली और उन्हें मदद का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट करके इसके बारे में बताया है।

बंगाल के कुछ हिस्सों में बांधों से पानी छोड़ने की वजह से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। इस पर पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद राज्य के कुछ हिस्सों में बाढ़ की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात की। प्रधानमंत्री ने इस स्थिति से निपटने के लिए उन्हें हरसंभव केंद्रीय मदद का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने प्रभावित इलाकों के लोगों की सुरक्षा की कामना भी की। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हालात की जानकारी दी है।

भारी बारिश के चलते दामोदर घाटी निगम के बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद पश्चिम बंगाल के छह जिलों में आई बाढ़ की वजह से लगभग 2.5 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। मकान गिरने और बिजली का करंट लगने की घटनाओं में कम से कम 14 लोगों की मौत हुई है। बाढ़ से हावड़ा और हुगली के साथ ही पूर्वी बर्धमान, पश्चिम बर्धमान, पश्चिम मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना जिले भी प्रभावित हुए हैं।

**बैठक**

■पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में बांधों से पानी छोड़ने की वजह से बाढ़ जैसे हालात


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# पिछले तीन सालों में 400 मुठभेड़

### 85 जवान शहीद और 630 आतंकी ढेरः केंद्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पिछले तीन सालों में जम्मू–कश्मीर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ की 400 घटनाएं हुई हैं, जिनमें 85 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए हैं और 630 आतंकियों को ढेर किया गया। यह आंकड़ा मई 2018 से जून 2021 तक का है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी है।

कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह को जवाब देते हुए राय ने कहा कि जम्मू–कश्मीर आतंकवादी हिंसा से प्रभावित हुआ है जो सीमा पार से प्रायोजित और समर्थित है। उन्होंने एक लिखित जवाब में कहा, मई 2018 से जून 2021 तक 400 मुठभेड़ों में 85 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए और 630 आतंकवादी मारे गए। गृह राज्य मंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने, राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफ कानून को सख्ती से लागू करने, आतंकवादी संगठनों द्वारा पेश की गई चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए घेराबंदी और तलाशी अभियान जैसे विभिन्न उपाय किए हैं।